

## खबर संक्षेप

### संयुक्त कलेक्टर माधुरी सोम को सौंपा गया जेल अधीक्षक का प्रभार

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने प्रशासनिक व्यवस्था की दृष्टिकोण से कार्यालय जेल अधीक्षक जिला कोरबा का प्रभार अस्थायी रुप से आगामी आदेश पर्यन्त तक संयुक्त कलेक्टर श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर को सौंपा है।

### पीएम स्वनिधि लोक कल्याण विशेष शिविर का आयोजन 29 को

**कोरबा।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ संबंधित हितग्राहियों को प्रदान किए जाने हेतु लोककल्याण शिविर का आयोजन 29 सितम्बर को घंटाघर के समीप स्थित सियान सदन में कार्यालयीन समय पर आयोजित किया जाएगा। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने समस्त स्ट्रीट वेंडरों का आव्हान करते हुए कहा है कि वे योजना का लाभ लेने हेतु अधिक से अधिक संख्या में उक्त शिविर में पहुंचे तथा योजना से लाभांवित हों। भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ दिलाने हेतु नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विशेष कार्यवाही एक अभियान के रूप में संचालित की जा रही है, इसके साथ ही शहरी पथ विक्रेताओं को योजना से लाभांवित किए जाने हेतु 29 सितम्बर को घंटाघर के समीप स्थित सियान सदन में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला शहरी विकास अभिकरण कोरबा के मिशन प्रबंधक श्री मनीष भोई ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत अब ऋण स्लेब में बदलाव किया गया है, प्रथम चरण में 10 हजार रूपये की ऋण राशि को बढ़ाकर अब 15 हजार रूपये किया गया है, इसी प्रकार द्वितीय चरण में 20 हजार रूपये की राशि को बढ़ाकर अब 25 हजार रूपये की कर दिया गया है, वहीं अंतिम चरण की राशि 50 हजार रूपये यथावत रहेगी। उन्होने बताया कि हितग्राहियों के द्वारा ऋण की पूरी अदायगी करने पर बैंक की तरफ से 30 हजार रूपये का क्रेडिट कार्ड भी दिया जाएगा।

### लालपुर में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** केयर स्किल फाउंडेशन रायपुर के द्वारा शासकीय मिडिल स्कूल लालपुर में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। जिस स्कूल के प्रशिक्षित बच्चे को मार्शल आर्ट, सेल्फ डिफेंस का प्रमाण पत्र दिया गया। केयर स्किल फाउंडेशन इस योजना से छात्र छात्राएं खुद की सुरक्षा हेतु जरुरी है। इसके प्रेसिडेंट चंद्र सेखर साहू वॉइस प्रेसिडेंट विजय निषाद है( केयर स्किल फाउंडेशन के द्वारा और भी कक्षाएं होती है जिसमे महिलाओं, लड़कियों के लिए जरुरी है इसमें मेहंदी आर्ट, हस्तशिल्प आर्ट, बेसिक बेकरी क्लास, सिलाई मशीन, सेल्फ मेकअप प्रशिक्षण आदि कराये जाते हैं।

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी जो राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आई.आई.टी., एम्स, आई.आई.एम., एन.एल.यू. एम.बी.बी.एस. जैसे संस्थाओं में शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रवेश प्राप्त कर अध्ययन कर रहे हैं उन्हें तात्कालिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। पात्र विद्यार्थी निर्धारित प्रपत्र में ऑफलाईन आवेदन 25 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक आवेदक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरबा में जमा कर सकते हैं। उक्त योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा से संपर्क एवं जिले की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट कोरबा डाट जीओव्ही डाट इन का अवलोकन कर सकते हैं।

# एक महीने में तीसरी बार खुलेगा बांगो बांध का गेट, जल संसाधन विभाग ने जारी किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पश्चिम बंगाल में आए तूफान का असर जिले में भी देखने को मिल रहा है। जिले में भी रुक लगातार बारिश हो रही है जिसके चलते एक बार फिर से बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार बारिश हो रही है और बांध में पानी आने का सिलसिला फिर से तेज हो गया है और बांध का वाटर लेवल 92 फ़ीसदी तक पहुंच गया है जिसके चलते एक बार फिर से जल संसाधन विभाग अलर्ट मोड में आ गया है और ऐसी संभावना जताई जा रही है कि बांध के गेट कभी भी खोले जा सकते हैं। ऐसा पहली बार होगा जो एक महीने के भीतर बांगो बांध तीन बार खोला जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले महीने से लगातार बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार बारिश हो रही है। बांध में लगातार पानी आने की वजह से हाइडल प्लांट को पूरी रफ्तार से चलाया जा रहा है लेकिन इसके बाद भी बांध का वाटर लेवल मेंटेन नहीं होने पर इस महीने अब तक दो बार बांगो बांध के गेट खोलकर वाटर लेवल को मेंटेन किया जा चुका है लेकिन एक बार फिर से पश्चिम बंगाल में आए तूफान की वजह से प्रदेश में भी मौसम लगातार बिगड़ रहा है और बारिश हो रही है। लगातार बारिश होने की वजह से बांगो बांध के कैचमेंट इलाके से लगातार पानी आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। बांगो के केचमेंट इलाके में अत्यधिक वर्षा होने के कारण गुरुवार की शाम 6 बजे मिनीमाता बांगो बांध का जलस्तर 358.17 मीटर एवं जलभराव 91.12 फीसदी हो गया है। बांध का जलस्तर एवं जल की आवक लगातार बढ़ रही है। जलभराव 92 फीसदी से अधिक होने पर एवं जल की अत्यधिक मात्रा में आवक होने पर मिनीमाता बांगो बांध के गेट फिर से तीसरी बार खोले जा सकते है। कार्यपालन अभियंता बांगो बांध माचाडोली धर्मेंद्र नीखरा ने बताया कि बांध में पानी का वाटर लेवल तेजी से बढ़ रहा है इसलिए निचली बस्तियों को भी अलर्ट जारी कर दिया गया है।

## बांगो बांध का वाटर लेवल पहुंचा 91.12 फीसदी, हाइडल चल रहा पूरी रफ्तार से

**खास बात**

- पश्चिम बंगाल में आए तूफान की वजह से जिले सहित आसपास के पड़ोसी जिलों में हो रही है बारिश



### कटघोरा थाना क्षेत्र के कसनिया में बुधवार की देर रात हुई फायरिंग

# यूपी से शूटर बुलाकर घर पर कराई फायरिंग तीन हिरासत में, मास्टर माइंड की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा के कसनिया में बुधवार की देर रात हुई फायरिंग की घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। हालांकि इस फायरिंग की घटना में कोई जन धन की हानि नहीं हुई है लेकिन घर में हुई

**खास बात**

- मोटर साइकिल, कट्टा, कारतूस को पुलिस ने किया जप्त


पुलिस हिरासत में आरोपी।


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।


जप्त किया गया कट्टा।


फायरिंग के बाद इस तरह छेद हो गई है लोहे की गेट।

फायरिंग की घटना के बाद पुलिस अधीक्षक स्वयं एक्शन में आए और पुलिस ने यूपी से बुलाए गए शूटर से कुल तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है जबकि इस गोली कांड के मास्टर माइंड की पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस इस गिरोह से जुड़े सभी लोगों की धरपकड़ कर लेगी और शुक्रवार को मामले का खुलासा कर सकती है। पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होने की चर्चा सरगर्म है।

जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात लगभग 11 बजे कटघोरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कसनिया मार्ग में निवास करने वाले सिकंदर मेमन के घर पर अज्ञात लोगों ने फायरिंग कर दी। दो राउंड गोली चली जिसमें एक गोली शटर पार करते हुए अंदर घुस गई जबकि दूसरी गोली दरवाजे में धंस गई। घटना के वक्त घर के लोग सोने की तैयारी कर रहे थे। गोली की आवाज आते ही आसपास के क्षेत्र के लोगों में हड़कंप मच गया और फायर करने वाला युवक बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। देर रात हुए इस गोलीकांड की जानकारी मिलते ही एसपी सिद्धार्थ तिवारी तत्काल मौके पर पहुंचे और आरोपियों की धरपकड़ के लिए जिले भर में नाकेबंदी की गई जहां पुलिस ने बस में बैठकर भाग रहे उत्तरप्रदेश के प्रतापपुर निवासी दुर्गेश पाण्डेय को धरदबोचा और जिसके बाद पुलिस ने दुर्गेश से कड़ी पूछताछ की तो उसने इस गोलीकांड में शामिल लोगों का नाम उगलना शुरु किया जिसके आधार पर पुलिस ने शूटर दुर्गेश पांडे के सहयोगी को मानिकपुर चौकी क्षेत्र के कैलाश नगर से हर्ष सिंह व आशीष जांगड़े को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई कट्टा, कारतूस को भी बरामद कर लिया है लेकिन इस गोलीकांड का मास्टरमाइंड शक्ति सिंह अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है और पुलिस सरगर्मी से शक्ति सिंह

### प्रेम प्रसंग से जुड़ा हो सकता है मामला

पुलिस के सूत्र बताते हैं कि गोलीकांड की घटना को आखिर क्यों और किसलिए अंजाम दिया गया है इसे लेकर पुलिस के अफसर बताने से बचते रहे। पुलिस के अफसरों का कहना है कि पुलिस की टीम विभिन्न एंगलों पर जांच कर रही है। जांच के बाद ही मामले से पर्दा उठने की बात कही जा रही है लेकिन सूत्र बताते हैं कि यह पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़े होने की संभावना है जिले में चर्चा सरगर्म है कि एक युवक युवती के प्रेम प्रसंग का ही मामला है जिसके चलते इस गोलीकांड की घटना को अंजाम दिया गया है।

### 21 सितंबर से कोरबा में रुका हुआ था शूटर

पुलिस के आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि इस गोलीकांड की वारदात को अंजाम देने वाले दुर्गेश पांडे को उत्तरप्रदेश से हायर किया गया था। दुर्गेश पांडे को 21 सितंबर को कोरबा बुला लिया गया था और वह मानिकपुर चौकी क्षेत्र के कैलाश नगर में रुका हुआ था जहां पिछले कई दिनों से उसकी सेवा सत्कार की जा रही थी। हालांकि पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। पुलिस के आला अधिकारियों को निर्देश पर पुलिस के अलग-अलग टीम मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस इस गोलीकांड का शुक्रवार को खुलासा कर सकती है जिसके बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।

### एसपी पूरी रात करते रहे मॉनिटरिंग

जिले के उपनगरीय क्षेत्र कटघोरा में गोलीकांड की घटना सामने आते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी तत्काल हरकत में आए और स्वयं मौके पर पहुंच गए और पुलिस के आला अधिकारियों सहित अलग-अलग टीम गठित की गई और लगातार टीम की मॉनिटरिंग करते रहे जिसके चलते पुलिस ने कुछ घंटे में ही घटना को अंजाम देने वाले शार्प शूटर यूपी निवासी दुर्गेश पांडे को धरदबोचा। जिसके बाद दूसरे दिन भी आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की टीम दिन पर लगी रही और मानिकपुर चौकी क्षेत्र से इस मामले से तालुकात रखने वाले दो आरोपियों को भी पुलिस ने धरदबोचा है। आरोपियों के पकड़े जाने के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।

# बालको कर्मियों को मिलेगा 1 लाख 89 हजार रूपए बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस त्योहारी सीजन में दशहरा उत्सव से पहले बालको कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले होगी। बालकों कर्मचारियों के लिए 1 लाख 89 हजार 264 रुपए के बोनस का ऐलान प्रबंधन की ओर से किया गया है। दशहरा से पहले दुर्गा अष्टमी के दिन बालको कर्मचारियों के खाते में बोनस की यह राशि आ जाएगी। बालको कर्मचारियों के लिए बोनस का ऐलान होने के साथ ही बाजार भी उत्साहित नजर आया। संभावना है कि आने वाले दिनों में बाजार और बूम करेगा। बालकों में नियमित कर्मचारियों की संख्या 840 है। जिनके खाते में दुर्गा अष्टमी पर्व के दिन बोनस राशि का भुगतान करने का निर्णय लिया गया है। इस तरह इस वर्ष बालकों के नियमित कर्मचारियों के बीच ही बोनस के तौर पर लगभग 15 करोड़ 89 लाख 81 हजार रुपए का भुगतान किया जाएगा।

### रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा 17 हजार 951

कोरबा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्पादकता से जुड़े जिले के लगभग 1200 से अधिक रेलवे कर्मचारियों को लगभग दो करोड़ 15 लाख रुपए से अधिक बोनस को मंजूरी दी है। प्रत्येक कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर अधिकतम देय पीएलबी राशि 17 हजार 951 रुपए बोनस मिलेगा। इसे लेकर कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल अंतर्गत कोरबा जिले में लगभग एक हजार से अधिक रेलवे कर्मचारी उत्पादकता से जुड़े हुए हैं। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कोयला लदान कार्य में शामिल है।

# घंटाघर से रविशंकर नगर मुख्य मार्ग उद्यान में चलाया गया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



स्वच्छता अभियान के दौरान निगम के अधिकारी व अन्य।

स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत आज घंटाघर से रविशंकर नगर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग एवं वहाँ पर स्थित उद्यान में नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर सहित पार्षदों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारी कर्मचारियों ने स्वच्छता के लिए श्रमदान किया तथा साफ-सफाई का कार्य में अपनी सहभागिता दी।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के महत्वपूर्ण मिशन स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप नगर निगम द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का सफल संचालन महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। प्रतिदिन स्वच्छता व साफ-सफाई से जुडे. विविध कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाकर आमजन में स्वच्छता व साफ-सफाई के प्रति जागरूकता लाने का कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को घंटाघर से रविशंकर नगर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर उद्यान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। महापौर, निगम आयुक्त, सभापति सहित पार्षदों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारी कर्मचारियों ने स्वच्छता हेतु श्रमदान किया तथा साफ-सफाई के कार्य में अपनी सहभागिता दी तथा उक्त सम्पूर्ण मार्ग मे साफ-सफाई का कार्य वृहद रूप से किया। कार्यक्रम में पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, वर्षा दिनेश वैष्णव, प्रीति दिनेश शर्मा, सीमा कंवर, दिनेश वैष्णव, निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त बीपी त्रिवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, प्रकाश चन्द्रा, अखिलेश शुक्ला, विनोद शांडिल्य, तपन तिवारी, सुनील टांडे, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, अनिरूद्ध सिंह, सुनील वर्मा, सचीन्द्र थवाईत, रामू पाण्डेय सहित स्वच्छता दीदियों व सफाई मित्रों ने स्वच्छता के लिए अपना श्रमदान किया।

### आयुक्त ने किया रामलीला मैदान का निरीक्षण

आयुक्त श्री पाण्डेय ने घंटाघर ओपन थियेटर में प्रस्तावित रामलीला स्थल का निरीक्षण किया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की विशेष पहल पर 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक 5 दिवसीय रामलीला व दशहरा मेला का आयोजन कोरबा शहर के घंटाघर स्थित ओपन थियेटर मैदान में आयोजित किया जाना हैं। आयुक्त ने रामलीला स्थल का निरीक्षण किया, उन्होने मंच, नागरिकों की बैठने की व्यवस्था, वरिष्ठजनों की बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश रोशनी, वाहन पार्किंग सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### सनातन धर्म का हो रहा तेजी से प्रचार

# धर्मांतरण का होगा निर्मूलन, हिंदू राष्ट्र अवश्य बनेगा : रामभद्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


संत जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी।

राज्य से जिस तेजी से नक्सली उन्मूलन हो रहा है, उसी तरह यहां से धर्मांतरण का भी जल्द ही निर्मूलन होगा। हिंदू राष्ट्र बनने में कुछ देरी है किंतु हिंदू राष्ट्र अवश्य बनेगा।

उक्त बातें संत जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी ने कही। भवानी मंदिर के पास नवनिर्मित मानस मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा लोकार्पण के अवसर पर आयोजित राम कथा के अवसर पर गुरुवार उन्होंने पत्रकारों से खुलकर बातचीत की और देश व धर्म से जुड़े कई मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखी। उन्होंने कहा कि किसी और को तो ज्ञानपीठ पुरस्कार नहीं मिला है। कोई जलता है। उन्होंने युवा संत आचार्य धीरेंद्र शास्त्री (बागेश्वर धाम) की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे उनके शिष्य हैं और अच्छा कार्य कर रहे हैं। उन्होंने खुशी व्यक्त की कि सनातन धर्म का प्रसार तेजी से हो रहा है। एक सवाल के जवाब में रामभद्राचार्य जी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के प्रति नाराजगी जाहिर की और कहा कि उन्हें दंड मिलेगा और वे जल्द ही रिटायर होंगे। उन्होंने बताया कि वह चित्रकूट में वैदिक गुरुकुल की स्थापना कर रहे हैं, जिसका लाभ ऑनलाइन माध्यम से पूरे देश को मिलेगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ में भी वैदिक गुरुकुल स्थापित करने की इच्छा जताई।

### जोगिया डेरा अब बनेगा कौशल्या धाम

जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी ने भवानी मंदिर जिस क्षेत्र जोगिया डेरा में बसा है, उसे अब 'कौशल्या धाम' के नाम से कहे जाने की बात कही। उन्होंने नव निर्मित मानस मंदिर को दिव्य और भव्य निर्माण बताया, जिसके लिए उन्होंने भवानी मंदिर की ज्योति जी को प्रेरित किया था। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आएंगे तब वे उनसे राज्य और कोरबा को लेकर चर्चा करेंगे। अंत में उन्होंने पत्रकारों को संवाद में संतुलन बनाए रखने की महत्ता याद दिलाई क्योंकि संतुलन न होने पर अनर्थ हो सकता है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय जच्चा-बच्चा की हुई मौत



**अम्बिकापुर।** मरीजों की सेवा के लिए सदैव तत्पर, यह स्लोगन अस्पताल में कई जगह लिखी देखी जा सकती है परंतु स्लोगन का कितना पालन किया जाता है यह तो अस्पताल में दाखिल होने वाले मरीज के परिजन से बेहतर कोई और नहीं बता सकता। किसी न किसी बात को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाले सूरजपुर जिला अस्पताल आज सुबह उस समय पुनः सुर्खियों में आ गया जब देर रात उपचार किए बिना ही प्रसूता को बेहोश हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। इधर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुचने से पहले ही रास्ते में जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। परिजन ने जिला अस्पताल सूरजपुर के स्टाफ द्वारा उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। परिजन का कहना है प्रसव पीड़ा होने पर तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तीन घंटे बीत जाने के बाद भी उपचार नहीं किया गया। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम पीढ़ा आमापारा निवासी रेखा राजवाड़े पति तिलक राजवाड़े (24 वर्ष) 9 माह की गर्भवती थी। बीत रात प्रसव पीड़ा होने पर परिजन रात लगभग 11.30 बजे प्रसूता को सूरजपुर जिला अस्पताल में दाखिल कराया। मृतिका रेखा के ससूर शोभनाथ राजवाड़े सहित परिजन ने बताया कि रात लगभग 11.30 बजे जिला अस्पताल में प्रसूता को लेकर पहुंचे। अस्पताल मे स्टाफ प्रसूता अंदर लेकर चले गए और लगभग 3 घंटे बाद देर रात लगभग 2.30 बजे प्रसूता के बेहोश हो जाने की बात कहकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन का आरोप है तीन घंटे के भीतर किसी प्रकार का उपचार नहीं किया गया जबकि प्रसूता दर्द से तड़प रही थी। दर्द ज्यादा बढ़ जाने और जब प्रसूता बेहोश हो गई तो उसे बिना उपचार किए ही रेफर कर दिया गया। इस बीच उपचार करने कई बार कहा गया लेकिन किसी ने ध्यान नही दिया। देर रात रेफर करने पर आज तड़के लगभग 3.30 बजे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत जच्चा बच्चा की मौत हो जाने की बात कही।

### पांचवीं–आठवीं बोर्ड अंकसूची सुधार में शिक्षा विभाग की लापरवाही

**बिर्रा।** बिर्रा- पांचवीं आठवीं त्रुटि अंकसूची को सुधार कार्य करके विघालय में नहीं भेजा गया है जिसके कारण छात्र छात्राओं को अंकसूची नहीं मिलने से पालक को बड़ी परेशानी हो रही पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षा सभी विघालय स्तर पर आयोजित किया गया था तथा पांचवीं आठवीं कक्षा बोर्ड परीक्षा मे सभी छात्र छात्राओं का विघालय से रोल नं नाम एक्शल सीट भी शैक्षिक समन्वयक के माध्यम से भेजा गया था परन्तु परीक्षा भी शांति पूर्वक संपन्न भी हो गया तथा सभी विघालय के कक्षा पांचवीं आठवीं कक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद भी सभी विघालय में छात्र छात्रा के अंकसूची भी भेजा गया था तथा विघालय में पांच वी आठवी की अंकसूची में व्यापक स्तर से छात्र छात्रा का नाम गलत कही मे पालक का नाम गलत तो किसी भी विघार्थियों के कुल अंक में गड़बड़ी तो किसी भी छात्र छात्रा के अंक में ऊपर नीचे अंक दर्शाया गया है कुल मिलाकर इस बार जिलाशिक्षा विभाग के व्दारा पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षा मे अंकसूची पर बड़ी पैमाने पर गलती किया गया है जब इस अंकसूची को सुधार करने के लिए सभी विघालय ने अंकसूची भी जमा कर दिया गया है किन्तु अभी तक अधिकांश विघालय के अंकसूची सुधार करके नहीं भेजा गया है। जिसके चलते पालक एवं बच्चों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### रेत माफिया से लेन-देन का आडियो वायरल, बसपा ने खोला मोर्चा

**पामगढ़।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में सोमवार 29 सितंबर को पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश पर रेत माफिया से कथित दस लाख रुपए के लेन-देन का आडियो वायरल होने के मामले में विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। बसपा कार्यकर्ता राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (रा) पामगढ़ को सौंपेंगे तथा विधायक का पुतला दहन करेंगे। पूर्व विधायक श्रीमती इंदू बंजारे ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है

### आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई 19 लीटर महुआ शराब जब्त

**जांजगीर-चांपा।** आबकारी आयुक्त सुश्री आर. शंगीता एवं कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश तथा प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती नीलिमा दीघ्रस्कर के विशेष मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब निर्माण एवं भंडारण पर कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग की टीम ने गुरुवार को दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल 19 लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब जब्त की। पहली कार्रवाई में जांजगीर वृत्त के आरोपी यशोदा नंदन सोनझरी निवासी कुदरी के मकान से 10 लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब बरामद की गई। वहीं दूसरी कार्रवाई में बलौदा वृत्त के आरोपी सुरेंद्र कुमार बंजारे निवासी लेवई की बाड़ी से 9 लीटर महुआ शराब जब्त की गई।

## नागरिकों को मिली आपदा से निपटने की दी गई उपयोगी जानकारी

# संकट में सुरक्षा की सीख, बाढ़ और क्लोरीन गैस रिसाव पर किया गया मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन के संयुक्त तत्वाधान में जिला प्रशासन कोरबा द्वारा आज जिले में दो महत्वपूर्ण मॉक ड्रिल अभ्यासों का सफल आयोजन किया गया। इन अभ्यासों का उद्देश्य आमजन को आपदा व डूबने की स्थिति में त्वरित बचाव एवं राहत कार्यों की जानकारी देना और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली का परीक्षण करना रहा।

कटघोरा स्थित राधासागर तालाब में जलजनित आपदा से निपटने हेतु मॉक ड्रील का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत एक काल्पनिक स्थिति तैयार की गई, अचानक भारी वर्षा के कारण जलस्रोतों में जलस्तर बढ़ गया और कुछ लोग पानी में फँस गए। इस स्थिति में बचाव दलों ने वास्तविक परिस्थिति की तरह तत्काल कार्रवाई की। रेस्क्यू टीम ने लाइफ जैकेट, रस्सियों और नाव की मदद से तालाब में फँसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान 5 पुरुष और 2 महिलाओं को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर लाने का अभ्यास किया गया। सबसे पहले प्रशिक्षित गोताखोरों और रेस्क्यू टीम ने पानी में फँसे व्यक्तियों की पहचान की, फंसे व्यक्तियों तक रस्सियां और लाइफ जैकेट पहुंचाई गईं, नाव और टीम के सहयोग से सभी व्यक्तियों को पानी से बाहर लाकर किनारे तक पहुंचाया गया, मेडिकल टीम ने तत्काल मौके पर ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। डूबने की स्थिति में कृत्रिम श्वसन (सीपीआर), ऑक्सीजन सपोर्ट और प्राथमिक दवाओं का प्रदर्शन किया गया और गंभीर स्थिति के अनुमानित मरीजों को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाने की प्रक्रिया का भी अभ्यास किया गया। इसी क्रम में कोहड़िया स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में क्लोरीन गैस रिसाव पर आधारित मॉकड्रील का आयोजन किया गया।


मॉकड्रिल का प्रदर्शन करते कर्मचारी।

क्लोरीन गैस का उपयोग पेयजल शोधन के लिए किया जाता है किंतु इसका अधिक मात्रा में रिसाव मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। अभ्यास में यह स्थिति बनाई गई कि संयंत्र में अचानक क्लोरीन गैस का रिसाव हो गया है। जैसे ही अलार्म बजा, आपदा प्रबंधन टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कर्मचारियों और आसपास मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। गैस रिसाव को नियंत्रित करने के लिए सिलेंडर को बंद करने, वाटर स्प्रे कर प्रभावित क्षेत्र को सील करने और गैस को फैलने से रोकने के उपायों का प्रदर्शन किया गया।

मेडिकल टीम ने गैस से प्रभावित व्यक्तियों का प्राथमिक उपचार किया। उन्हें ताजी हवा में लाया गया, आँखों और त्वचा को साफ पानी से धोने की प्रक्रिया दिखाई गई तथा सांस लेने में कठिनाई होने पर ऑक्सीजन सपोर्ट प्रदान किया गया, साथ ही उपस्थित लोगों को विस्तार से बताया कि क्लोरीन गैस के संपर्क में आने से खाँसी, सांस लेने में कठिनाई, आँखों में जलन, गले में खराश और सिरदर्द जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। गंभीर स्थिति में यह फेफड़ों को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में व्यक्ति को तुरंत दूषित वातावरण से बाहर निकालना चाहिए, प्रभावित स्थान को खाली करना चाहिए और चिकित्सीय सहायता लेनी चाहिए। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल, एनडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, अग्निशमन दल तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दुर्गोत्सव....


मां गायत्री दुर्गोत्सव समिति कटघोरा।


सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति चैतमा।


हाउसिंगबोर्ड सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव समिति बालको।

# युक्तियुक्तकरण से गांव के स्कूलों की पढ़ाई हुई बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनांचल ग्राम कोरकोमा के मिडिल स्कूल में आसपास के अनेक गांव के विद्यार्थी इसी उम्मीद से पढ़ाई करने स्कूल आते हैं कि स्कूल में पढ़ लिखकर वे भी हिन्दी सीखेंगे, अंगेजी सीखेंगे, गणित का सवाल हल करना जानेंगे और यहां से आगे पढ़कर हाई स्कूल, हायर सकेण्डरी फिर कॉलेज की पढ़ाई करेंगे। बच्चों के साथ ही उनके माता-पिता की उम्मीदों से जुड़े इस स्कूल में आने वाले विद्यार्थियों को किताबें, भोजन तो मुफ्त में मिल जाती है, लेकिन पिछले कई साल से वे भी महसूस करते थे कि उनके स्कूल में अंग्रेजी विषय का शिक्षक नहीं है। दर्ज विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर पर्याप्त शिक्षक नहीं होने का खामियाजा उन्हें ही भुगतना पड़ता था।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दिशा निर्देशन में युक्ति युक्तकरण से अतिशेष शिक्षको की पदस्थापना की गई तो मिडिल स्कूल कोरकोमा में पढ़ाई करने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों को भी अपना आगे का भविष्य सुनहरा लगने लगा। कोरबा विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोरकोमा में युक्ति युक्तकरण से विद्यालय में शिक्षिका श्रीमती रामेश्वरी रत्नाकर पदस्थ हुई है। विद्यालय में कुल 319 विद्यार्थी अध्ययनरत है। शिक्षिका श्रीमती रामेश्वरी रत्नाकर ने बताया कि अन्य विद्यालय से आने के बाद वह यहां के विद्यार्थियों के साथ पूरी तरह से घुल मिल गई है। उन्होंने बताया कि वह विद्यालय में अंग्रेजी पढ़ाती है। स्कूल में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों में भी खुशी है कि उनके स्कूल में मैडम आ गई है और अंग्रेजी जैसी कठिन लगने वाली विषय को पढ़ा रही है। इस विद्यालय में पढ़ने वाले आने वाली कक्षा आठवीं की स्नेहा, राकेश, साहिल कक्षा छठवीं के विद्यार्थी समीर, सुनील, गुँजन ने बताया कि अंग्रेजी पढ़ाने वाली मैडम स्कूल में आ गई है, वह हमें अच्छे से पढ़ाती है।



# आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित हुई पोषण की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण माह अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। निर्धारित 6 थीम के अंतर्गत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा गतिविधि हेतु आँगनबाड़ी केन्द्रो में पोषण के साथ-साथ सीखने के केन्द्र के रूप मे दर्शाने हेतु पोस्टर, स्लोगन, बैनर इत्यादि के माध्यम से पोषण भी पढाई भी के लिये विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमे स्थानीयता को बढावा देने के लिये स्थानीय उत्पादों, स्वदेशी खिलौना का निर्माण, स्थानीय व्यंजनो का प्रचार-प्रसार, बच्चो के लिये पौष्टिक भोजन एवं स्वच्छता पर चित्रकला एवं कटपुतली नाच का आयोजन, मोटापा के रोकथाम हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रो में बच्चों, किशोरो एवं व्यस्को के लिए बीएमआई स्क्रीनिंग एवं विकास मापन शिविर, मोटापा से बचने हेतु चीनी और तेल की खपत में कमी पर जागरूकता शिविर, सुपोषण चौपाल का आयोजन, थीम मेन स्ट्रीमिंग के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताएं स्वस्थ भोजन का महत्व विषय पर भाषण, पोषण पर पिताओं के नेतृत्व में सामुदायिक पोषण प्रतिज्ञा का वाचन इत्यादि हेतु शिविर, गर्भवती महिलाओं का वजन एवं हिमोग्लोबिन के स्तर की सही जानकारी पोषण ट्रैकर एप में सही इंद्राज किया जाना सुनिश्चित किया गया। विभिन्न विभाग-स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, डाक विभाग इत्यादि के साथ समन्वय कर गतिविधियां का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र बरीडीह-2 उरगा का आकास्मिक निरीक्षण किया गया जहाँ पालकों को पोषण माह 2025 के विषय में अवगत कराते हुए उन्हे स्थानीय उत्पाद, स्वदेशी खिलौना निर्माण, स्थानीय व्यंजन हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही स्वच्छता के साथ स्वस्थ वातावरण बनायें रखने हेतु अपने आसपास साफ सफाई रखने हेतु प्रेरित किया गया। किशोरी बालिकाओं को माहवारी के दिनों में सेनेटरी पैड का प्रयोग करने व उसके उपयोग पश्चात उचित तरीके से डिस्पोज करने हेतु जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी केन्द्रों में विविध प्रतियोगिताओं - चित्रकला, नृत्य एवं अन्य का आयोजन कर उन्हे पुरुस्कृत भी किया गया। साथ ही उपस्थित पर्यवेक्षक एवं कार्यकर्ता को विभिन्न गतिविधि की सही एंट्री जन आंदोलन डैशबोर्ड पर करने हेतु निर्देशित किया गया।


कार्यक्रम में शामिल बच्चों को खेल खेल में जानकारी देते हुए।

# भक्ति के मार्ग में सुख और शांति संभव : कृष्ण शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

आश्विन नवरात्र पर एसईसीएल कॉलोनी प्रगति नगर दीपका में जारी 27वें वर्ष का श्रीमद् देवी भागवत कथा सप्ताह श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगा है। कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवताचार्य पंडित दीपक कृष्ण शास्त्री महाराज ने श्रद्धालुओं को जीवन में भक्ति, सेवा और सद्कर्म के महत्व का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वेद शास्त्रों में लिखा है सुख देने से सुख और दुख देने से दुख मिलता है। इसलिए इंसान को भगवान से केवल भक्ति ही मांगनी चाहिए क्योंकि जहां भक्ति है वहीं सुख-शांति और समृद्धि का वास है। व्यासपीठ पर बैठे भगवताचार्य पंडित दीपक कृष्ण शास्त्री ने बताया कि अश्विन मास में देवी की भक्ति विशेष फलदायी होती है। सबसे पहले घर में ज्योत जलानी चाहिए, तभी देवी कल्याण करती हैं। भक्तिभाव से पूजा-अर्चना और मंगल गीत गाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुष्ठान के समय भूमि पर शयन करना त्याग और विनम्रता का प्रतीक है। वहीं 2 से 10 वर्ष की आयु की कन्या का पूजन करना चाहिए क्योंकि कन्या को देवी का स्वरूप माना गया है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर कथा का लाभ लेने की अपील की।



कथा वाचन करते भगवताचार्य तथा कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

# मुख्यमंत्री के हाथों श्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार सम्मान से सम्मानित हुआ रासेयो चैतमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चैतमा प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम ,वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में विनय दास श्रेष्ठ स्वंय सेवक छत्तीसगढ़ पुरस्कार सम्मान से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों सम्मानित हुआ। वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि सम्मान और पुरस्कार किसी भी व्यक्ति के जीवन में प्रेरणा का कार्य करते हैं। जब किसी स्वयंसेवक को उनके परिश्रम, त्याग और समाजसेवा के कार्यों के लिए श्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार प्रदान किया जाता है तो यह न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि होती है बल्कि पूरे समाज और संस्था के लिए गर्व का विषय भी बनता है। यह पुरस्कार सेवा भावना को और अधिक प्रबल करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान में सक्रिय योगदान दिया। गांवों में जाकर साक्षरता अभियान चलाना,नशा मुक्ति और स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकालना, वृक्षारोपण और जल संरक्षण कार्य करना, विभिन्न गतिविधियों कार्यों में सहयोग के लिए श्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विनय दास स्वंय सेवक तो यह क्षण मेरे लिए अविस्मरणीय रहा। मंच पर बुलाकर मेरा परिचय कराया गया और प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। तालियों की गड़गड़ाहट ने मेरे मन में गर्व और उत्साह का संचार किया। यह सम्मान मेरे माता-पिता, शिक्षकों और साथियों के सहयोग का परिणाम था। डॉ मनोज सिन्हा समन्वयक रासेयो अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर, प्रो वाय के तिवारी जिला संगठक कोरबा,ग्राम पंचायत चैतमा सरपंच राजलाल सिन्द्राम, उपसरपंच सुकालू प्रजापति, शिक्षक ब्यख्याता सुरेन्द्र सिंह नेटी,विजेता चतुर्वेदी, धनराज सिंह, श्रीमती नेताम, विंध्यराज, राम श्रीमती श्रीवास, विभा मैडम ,नबीउल्ला सिद्धिकी, चंद्रमुखी साहू, मुरारीलाल धीवर,कर्मचारी देवानंद वर्मा,स्वंय सेवक थानेश्वर, दुर्गेश पटेल,पीयूष, करन कश्यप सभी स्वंय सेवकों ने बधाइयां दी।


सम्मान पत्र प्राप्त करते स्वयं सेवक।

# 40 लाख के गांजा अफीम व डोडा को किया गया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए नशीले पदार्थों को पुलिस लाईन परिसर में अस्थायी भट्ठे में जलाकर नष्ट किया गया। जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति की देखरेख में कार्रवाई की गई। इस दौरान एनडीपीएस एक्ट के 28 प्रकरणों में जब्त 171.041 किलोग्राम गांजा एवं 23 नग गांजा का पौधा, अफीम 130 ग्राम, डोडो 1.772 किलोग्राम को नष्ट किया गया जिसकी अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये है।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि नष्टीकरण की प्रक्रिया गठित टीम की मौजूदगी में संपन्न हुई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो और जिला आबकारी अधिकारी अनिल मित्तल, पर्यावरण अधिकारी बीबी ध्रुव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस ने युवाओं व नागरिकों को नशे से बचाने के लिए भविष्य में भी निरंतर मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने के लिए दृढ़ संकलित है। इस दौरान डीएसपी रितेश चौधरी, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, निरीक्षक जावेद मियादांद, वन विभाग के महेन्द्र प्रसाद सहित पुलिस के अधिकारी व जवान मौजूद रहे।



## पत्नी से हुआ विवाद तो पति ने पी लिया कीटनाशक, मौत

अम्बिकापुर। पत्नी के साथ हुए विवाद से पति ने नशे की हालत में कीटनाशक पी लिया। परिजन ने ग्रामीण को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ओड़गी अंतर्गत ग्राम बमना निवासी आदर साय राजवाड़े आ. स्व. इंदर साय (49 वर्ष) 22 सितंबर को शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा। इसी बीच किसी बात को लेकर पत्नी विवाद करने लगी जिससे नाराज होकर पति ने कीटनाशक पी लिया। परिजन गंभीर हालत में आदर साय को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## खबर संक्षेप



### एक पेड़ मां के नाम के तहत सेंट थॉमस स्कूल में लगाए फलदार पौधे

**कोरबा।** एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती एवं सेवा पखवाड़ा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार गुरुवार को दीपका मंडल के बूथ क्रमांक 122 एवं 123 के कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला कार्य समिति सदस्य वरिष्ठ पार्षद अरुणीश तिवारी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम का आयोजन करते हुए सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल प्रगति नगर में फलदार पौधे रोपित किए गए विशेष रूप से आम, ऑवला, पपीता के साथ-साथ कुछ पुष्प एवं छायादार पौधे भी लगाए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ पार्षद एवं जिला कार्य समिति सदस्य भारतीय जनता पार्टी कोरबा अरुणीश तिवारी के साथ शक्ति केंद्र संयोजक धर्मेंद्र शुक्ला बूथ अध्यक्ष एवं श्रमिक नेता जेसीसी सदस्य बनवारी लाल चंद्रा, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री श्रमिक नेता सतीश राठौर, भारतीय जनता युवा मोर्चा नेता गोविंद यादव ने अपने करकमलों से पौधा लगाया। इस अवसर पर सेंट थॉमस स्कूल की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती मरियम अब्राहम, श्रीमती अनिला वर्गीस, रुखसाना जॉर्ज, टी हन्ना, राजाराम दहिया, सजी जैकब, विनोद एवं रामकुमार का विशेष सहयोग रहा। इस एक पेड़ मां के नाम अभियान पर प्रकाश डालते हुए श्री तिवारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संकल्प है कि बदलते इस पर्यावरण असंतुलन को संतुलित करने के लिए हर व्यक्ति इस अभियान में जुड़े।

### निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन




**कोरबा।** ढेलवडीह जागृति क्लब के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। जिसमें कर्मचारी परिवार के लोग एवं आसपास के ग्रामीणों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य का लाभ लिया। कार्यक्रम में जागृति क्लब के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

### दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**कोरबा।** सेवा पखवाड़ा दिवस अंतर्गत 21 सितंबर को सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल सीएसईबी पूर्व में दिव्यांग छात्र छात्राओं की खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्रीमती धनेश्वरी गर्ग उपस्थित थीं। इस अवसर पर सीईओ श्री नाग द्वारा कहा गया कि सेवा पखवाड़ा दिवस में आज दिव्यांग छात्र छात्राओं कार्यक्रम में यह बच्चे दिव्यांग नहीं है जो अपने मन में मान ले कि मैं कुछ नहीं कर सकता वही दिव्यांग है और सभी बच्चों को यह कह कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को खेलकूद (कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, 50 मीटर दौड़, पेंटिंग, गायन, सांस्कृतिक कार्यक्रम) इत्यादि कराया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली दिव्यांग छात्र छात्राओं, शिक्षक को प्रोत्साहित करने टिफिन बॉक्स वितरण किया गया और सभी को भोजन कराया गया। उप संचालक समाज कल्याण, जिला शिक्षा विभाग, खेल विभाग, उमंग स्कूल, दिव्यज्योति, अंकुर स्कूल उपस्थित रहे।


## निधन

### नारायणी देवांगन



**कोरबा।** ग्राम बेलाकछार निवासी नारायणी देवांगन उम्र 93 वर्ष का गुरुवार को दुखद निधन हो गया। वे पीतांबर देवांगन, छोटू देवांगन की माता थी तथा वे अपने पीछे नाती पोता को छोड़कर चली गई। उनका अंतिम संस्कार बेलाकछार स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

### मोहर दास महंत



**कोरबा।** कुंजनगर मोहल्ला मोतीसागरपारा निवासी सेवानिवृत्त पीडब्ल्यूडी कर्मी मोहर दास महंत 80 वर्ष का 18 सितंबर को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं।

### महापौर एवं निगम आयुक्त ने शिविरों का किया निरीक्षण

# निगम के सभी जोन में लगाए गए पेंशन सत्यापन शिविर, त्रुटिरहित सत्यापन कार्य के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के 7 जोन कार्यालयों में गुरूवार को पेंशन के हितग्राहियों का सत्यापन करने एवं नवीन पेंशन स्वीकृति हेतु फार्म भराए जाने शिविरों का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने विभिन्न शिविरों का निरीक्षण किया तथा त्रुटिरहित सत्यापन कार्य किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**खास बातें**

- दिव्यांग महिला को ट्रायसायकल एवं हितग्राहियों को राशन कार्ड का किया गया वितरण



शिविर में उपस्थित महापौर एवं अन्य।

कोरबा जोन में आयोजित शिविर में महापौर श्रीमती राजपूत ने दिव्यांग महिला राताखार निवासी पाचोबाई केंवट को ट्रायसिकल प्रदान किया। साथ ही हितग्राहियों को राशन कार्डो का वितरण भी किया। विभिन्न जोन कार्यालयों में आयोजित शिविरों में वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, राधा महंत, एम.आई.सी. सदस्य सरोज शांडिल्य, अजय गोंड़, पार्षद मुकुंद सिंह कंवर, रूबी सागर आदि सहित अन्य पार्षदों शिविरों में पहुंचे, पेंशन सत्यापन आदि कार्यो में सहभागिता प्रदान की तथा हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए। नगर निगम द्वारा आयोजित किए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत निगम के कोरबा, टीपी नगर, कोसाबाड़ी, रविशंकर नगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला जोन कार्यालयों में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित केन्द्रीय पेंशन योजनाओं यथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राहियों का सत्यापन किया गया। इसके साथ ही नये हितग्राहियों को नवीन पेंशन की स्वीकृति के संबंध में आवेदन पत्र भी भराए गए तथा हितग्राहियों का यू.डी.आई.डी. कार्ड पंजीयन का कार्य भी किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने शिविरों में पहुंचकर वहाँ की व्यवस्थाओं व शिविर संचालन का निरीक्षण किया, हितग्राहियों से भेंट की तथा पेंशन सत्यापन व नवीन पेंशन स्वीकृति हेतु आवेदन पत्र भराने संबंधी सभी कार्यो का त्रुटिरहित रूप से कार्य संपादन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश अधिकारियों के दिए। निगम के विभिन्न जोन में आयोजित शिविरो में वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी व राधा महंत, एम.आई.सी.सदस्य सरोज शांडिल्य, अजय गोंड़, पार्षद मुकुंद सिंह कंवर, रूबीदेवी सागर, पूर्व पार्षद टीकम राठौर सहित अन्य पार्षदजनों ने शिविर में पहुंचकर शिविर में अपनी सहभागिता दी एवं हितग्राहियों को राशन कार्डो का वितरण किया।

# भाजयुमो कुदमुरा मंडल में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया जा रहा है, जिसके तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भारतीय जनता युवा मोर्चा कुदमुरा मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा के ग्राम पंचायत रजगामार में एक दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के अंतर्गत निःशुल्क रक्तग्रुप परीक्षण, निःशुल्क बल्डप्रेशर एवं शुगर जांच, निःशुल्क नेत्र जांच का भी आयोजन किया गया था। शिविर के आयोजन का लाभ क्षेत्र की जनता एवं ग्रामीणों को मिला। भारी संख्या में युवाओं ने उत्साह से बढ़-चढ़ कर रक्तदान किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में क्षेत्र के गणमान्य समाज सेवियों द्वारा भारत माता एवं प. दीनदयाल की तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से समाज प्रमुख जगदीश प्रसाद डडसेना, ज़िला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, अजय कंवर, भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजलाल राठिया, किशन साव, महामंत्री उमेश्वर सोनी, संजय वैष्णव, शिक्षा प्रकोष्ठ के सह संयोजक कन्हैया राठौर, सुमित वर्मा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जीएसटी दरों में आंशिक कमी जनता को गुमराह करने का प्रयास: जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने 1 जुलाई 2017 से जीएसटी लागू कर आम जनता और छोटे व्यापारियों पर लगातार आर्थिक बोझ डाला। वर्षों तक ऊँची दरों पर कर वसूले गए और अब कुछ वस्तुओं पर आंशिक कमी कर इसे बड़ी राहत बताना जनता के विवेक को चुनौती देना है।

उन्होंने कहा कि यह राहत नहीं, बल्कि पहले से वसूली जा रही राशि में थोड़ी कटौती मात्र है। सरकार अपने प्रचार तंत्रों के माध्यम से जनता को गुमराह कर रही है और अपनी ही पीठ थपथपा रही है। उन्होंने कहा कि जनता से वर्षों तक ऊँचे कर वसूलकर उनकी गाढ़ी कमाई पर चोट की गई। आंशिक कमी को उपलब्धि बताना भ्रामक है यह केवल वसूली में कमी है। चुनिंदा वस्तुओं की दरें घटाकर वाहवाही बटोरी जा रही है। जबकि अन्य क्षेत्रों पर बोझ जस का तस है। बार-बार बदलती दरों से छोटे व मध्यम व्यापारी अस्थिरता और घाटे का सामना कर रहे हैं।

**खास बात**

- राहत मतलब पहले से वसूली की जा रही राशि में कटौती



जयसिंह अग्रवाल।

वसूले गए कर राजस्व का पारदर्शी और जनकल्याणकारी उपयोग दिखाई नहीं देता। कुछ जीवनरक्षक दवाएँ टैक्स फ्री की गईं, अन्य पर 5 प्रतिशत जीएसटी है। छोटे मेडिकल स्टोर टैक्स क्रेडिट न मिलने से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि पेंसिल, पेन, कॉपी आदि पर राहत, लेकिन अन्य स्कूल आइटम्स अब भी 5 प्रतिशत जीएसटी के दायरे में हैं। छोटी गाड़ियों व टू-व्हीलर थोड़े सस्ते पर बड़ी कारें व हाई एंड बाइक महंगी है। श्री अग्रवाल ने सरकार से अपेक्षा करते हुए कहा कि जीएसटी ढांचे की व्यापक समीक्षा की जाए। आवश्यक वस्तुओं पर न्यूनतम कर लगाया जाए। छोटे और मध्यम व्यापारियों को राहत दी जाए। पुराने स्टॉक पर टैक्स क्रेडिट की सुविधा सुनिश्चित की जाए। राज्यों की राजस्व हानि की भरपाई केंद्र सरकार करे।

# भुईया नापकर मंदिर जाना है तो दीजिए अग्निपरीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

नवरात्र में शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में स्थापित देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कोई देवी माँ के दर्शन करने मंदिर पहुंच रहा है तो कोई अपनी मनोकामना पूरी होने पर माँ के दरबार पहुंच रहा है। जिले में माँ मड़वारानी के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। यही वजह है कि नवरात्र में इन दोनों मंदिरों में श्रद्धालुओं की खांसी भीड़ देखने को मिल रही है। ऐसे में मनोकामना पूरी होने पर कर मापते हुए मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर तक जाने वाले मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गया है, जिसकी वजह से कर मापते हुए मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को कीचड़ में लेटकर गुजरना पड़ रहा है।

**खास बात**

- इस नवरात्र मड़वारानी मंदिर जाने के लिए कीचड़ भरे रास्ते होकर पड़ रहा गुजरना



कीचड़ युक्त सड़क।

क्या किसी देवी देवता के दर्शन करने के लिए भक्तों को अग्नि परीक्षा देनी पड़ेगी? निश्चित रूप से इस सवाल का जवाब नहीं में ही होगा। लेकिन जिले के मड़वा रानी मंदिर पहुंचने वाले सैकड़ो श्रद्धालुओं को मुख्य मार्ग से जुड़ी दिक्कतों को देखते हुए कुछ ऐसा ही लग रहा है। करतला विकासखंड में स्थित मड़वारानी मंदिर के प्रति लोगों की काफी गहरी आस्था है। नवरात्र पर लोग मनोकामना पूर्ति पर भुईया नापकर देवी के दरबार पहुचते हैं। वर्तमान में सड़क की दुर्दशा के कारण उनके सामने मुश्किलें खड़ी हो गई है। ऐसे में भक्तों के सामने दो विकल्प हैं कि वह कीचड़ से होकर आगे जाएं या फिर वापस लौट जाएं। मुख्य मार्ग में कीचड़ होने की वजह से उन्हें मड़वा रानी तक पहुंचने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। बारिश ने समस्या को और गहरा दिया है। पूरा मार्ग कीचड़ से लथपथ हो गया है। श्रद्धालु बताते हैं कि माता के दरबार में पहुँचने से पहले उन्हें सड़क पर गिरते-पड़ते, यहाँ तक कि कभी-कभी कीचड़ में लोटते हुए आगे बढ़ना पड़ता है। नवरात्र के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस रास्ते से होकर मंदिर तक पहुँचते हैं। उल्लेखनीय है कि कोरबा-चांपा नेशनल हाईवे के निर्माण के दौरान मंदिर को मार्ग मुख्य सड़क से हटाया गया था, किन्तु अब तक वैकल्पिक सड़क का डामरीकरण नहीं किया गया। मड़वारानी मंदिर के सामने लगभग 200 मीटर के लगभग डामरीकरण करना नेशनल हाईवे सड़क का निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार भूल गए हैं। माँ मड़वारानी जिले के प्रमुख शक्ति स्थलों में से एक है। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द इस मार्ग का डामरीकरण कराया जाए, ताकि आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं को ऐसी कठिनाईयों से जूझना न पड़े।

# पाली महाविद्यालय में विश्व नदी दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पुष्प राज लाजरस के मार्गदर्शन पर विश्व नदी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 1 सीजी बटालियन कोरबा के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सेंथिल कुमार के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स ने दावन नदी सैला के तट पर स्वच्छता अभियान चलाकर नदी संरक्षण का संदेश दिया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का विषय हमारी नदियां, हमारी ज़िम्मेदारी रहा। कैडेट्स ने पोस्टर, चित्रकला और कविता के माध्यम से नदियों के महत्व व संरक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हर्ष पांडेय ने अपने संबोधन में नदियों को हमारी संस्कृति और सभ्यता की जीवन रेखा बताया। वहीं डॉ. शेख़ तस्लीम अहमद ने तेरह वर्षों बाद एनसीसी की गर्ल्स इकाई प्रारंभ होने पर हर्ष व्यक्त किया और चयनित छात्राओं को बधाई दी। मंच संचालन एनसीसी प्रभारी सुश्री वर्षा लकड़ा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. कविता ठक्कर, संत कुमार खांडेकर तथा सुश्री भारती देवांगन की विशेष उपस्थिति रही।

# भाजपा जिला अध्यक्ष का हरदीबाजार में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के प्रथम हरदीबाजार आगमन पर बस स्टैंड परिसर में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। युवा मोर्चा के महामंत्री निखिल राठौर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने आतिशबाजी, जोरदार नारों और पुष्प वर्षा के साथ उनका अभिनंदन किया। इस स्वागत समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता भुनेश्वर राठौर, युवा मोर्चा के लक्की साहू, उमेश तिवारी, आयुष द्विवेदी, हिमांशु कंवर, अजय राठौर, साहिल नामदेव, आकाश राठौर, राम राजपूत एवं विकास राठौड़ सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य



नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उमड़े जनसैलाब और कार्यकर्ताओं के उत्साह से वातावरण संगठन भावना से ओत-प्रोत हो उठा।

# सेवा पखवाड़ा के तहत मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाज़ार में आयोजित मैराथन दौड़ प्रतियोगिता को कटघोरा विधानसभा के विधायक प्रेमचंद पटेल ने अपने निवास रेलडबरी उतरदा से हरि झंडी दिखाते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करते हैं। प्रतियोगिता में कुल 110 छात्रों ने पंजीयन



कराया जो युवा ऊर्जा, फिटनेस और राष्ट्र सेवा की भावना से प्रेरित होकर इस आयोजन का हिस्सा बने। इस अवसर पर प्रथम चंद्रप्रकाश रात्रे पामगढ़, द्वितीय सुरेश यादव बिलासपुर एवं तृतीय मनोज यादव अकलतरा विजेताओं को मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जयसवाल के द्वारा प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो एवं नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम.एम.वैष्णव, भाजपा मंडल पूर्व महामंत्री डॉक्टर विजय राठौर, भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री पंकज ध्रुवा, बजरंग यादव मंडल उपाध्यक्ष हरदीबाजार, एनएसएस के प्रभारी शिक्षकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अनेक शासकीय ग्राम्य महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं विशेष रूप से उपस्थिति थे।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर भाजपा सेवा/स्वच्छता पखवाड़ा तथा स्वस्थ भारत विकसित भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ कोरबा, भाजपा कोसाबाड़ी मंडल, आयुष मेडिकल एसोसिएशन एवं लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के तत्वाधान में निशुल्क रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) जांच, रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) जांच तथा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य एवं असाध्य रोगों हेतु वृहद निशुल्क आयुर्वेद-एक्यूप्रेसर-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का शुभारंभ



मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक डॉ.राजीव सिंह, भाजपा जिला कोरबा की उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ.राजेश राठौर तथा भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ.संजय वैष्णव, चिकित्सकों एवं शिविर्थियों ने भारत माता एवं आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धनवंतरी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर एवं उनके समक्ष दीप प्रज्वलन कर कीया। उन्होंने कहा कि यदि आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे, स्वस्थ रहेंगे तभी स्वस्थ भारत के माध्यम से विकसित भारत की परिकल्पना साकार हो सकेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का विजन है और सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य भी। शिविर में 207 रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्रदान करने के साथ साथ उनके लाइफस्टाइल तथा डाइट के विषय में विशेष जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। शिविर मे निरोगी जीवन के लिये उपयोगी स्वास्थ्य पुस्तिका भी निशुल्क दी गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, चिकित्सक डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा, डॉ.ललित साहू, डॉ.अजय निर्मलकर, डॉ.प्रदीप कश्यप, डॉ.सुरेंद्र मिश्रा, डॉ.लक्ष्मी नारायण जायसवाल, नेत्रनंदन साहू, अश्वनी बुनकर, महेंद्र साहू, मनीष कौशिक, हर्ष नारायण शर्मा एवं श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रजगामार प.ह.नं.10 रा.नि.मं. पसरखेत, तह. भैसमा, जिला कोरबा छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 337/1/घ, रकबा 2.03 हे. भूमि जो कि वर्तमान के बी-1 खसरा में घनश्याम गुप्ता पिता-मोतीलाल के नाम पर दर्ज है, उक्त भूमि को मेरे असामी स्मित कुमार सिंह पिता-विजय कुमार सिंह निवासी-कोरबा, तह. व जिला कोरबा द्वारा क्रय किये जाने का सौदा तय किया गया है। जिसकी निकट भविष्य मे रजिस्ट्री होना है। उक्त भूमि के क्रय विक्रय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था /बैंक को दावा आपत्ति हो इस ईश्तहार प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात किया गया दावा व आपत्ति अमान्य व अस्वीकार होगा। । सो सूचना जाने ।

शपथकर्ता
आर.के. उपाध्याय
अधिवक्ता
जिला एवं सत्र न्यायालय
कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)
9993751509

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/ अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पोंड़ी उपरोड़ा, जिला- कोरबा (छ0ग0)**
**//ईश्तहार//**

क्रमांक/2036/अविअ/वाचक/2025
पोंडी उपरोड़ा दिनांक 22/09/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक राजीव अग्रवाल पिता श्याम लाल अग्रवाल निवासी कटघोरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम तानाखार प.ह.न. 46 स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न. 690/3, 699/4 रकबा क्रमशः 0.0660, 0.0320 हे.भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 08/10/2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 22/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया। स्थानः-पोंडी उपरोडा
दिनांकः- 22/09/2025

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
पोंड़ी उपरोड़ा,
जिला- कोरबा (छ0ग0)

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/ अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पोंड़ी उपरोड़ा, जिला- कोरबा (छ0ग0)**
**//ईश्तहार//**

क्रमांक/2030/अविअ/वाचक/2025
पोंडी उपरोड़ा दिनांक 22/09/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती प्रीति अग्रवाल पति राजीव अग्रवाल निवासी कटघोरा तहसील कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम तानाखार प.ह.न. 46 स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न. 690/4 रकबा 0.0480 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 08/10/2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थानः-पोंडी उपरोडा
दिनांकः- 22/09/2025

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
पोंड़ी उपरोड़ा,
जिला- कोरबा (छ0ग0)

**TOP IN KORBA**

**GURUKRIPA COLLEGE**
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## खबर संक्षेप



### इंटक के सदस्यों ने एटक का थामा दामन

**कोरबा।** कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड सदस्य सी जोसेफ एवं एटक के केंद्रीय महामंत्री अजय विश्वकर्मा की मौजूदगी में गेवरा एरिया में बड़ा संगठनात्मक बदलाव देखने को मिला। इंटक से जुड़े पूर्व पीट सेफ्टी मेंबर सहित कई सदस्यों ने गोपाल यादव के नेतृत्व में एटक का दामन थाम लिया। संगठन में शामिल होने वालों में छत राम साहू, रघुवीर सिंह, गुड्डू यादव, छेदी लाल मनहर एवं अन्य नाम शामिल हैं। एटक नेताओं ने नए साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इससे संगठन को और मजबूती मिलेगी और आने वाले दिनों में श्रमिक आंदोलन को नया आयाम मिलेगा। एटक में शामिल होने वाले सदस्यों ने कहा कि इंटक अब श्रमिकों की आवाज उठाने में असफल हो रहा है, जबकि एटक मजदूरों के अधिकार और सुरक्षा की लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

### स्वच्छता श्रमदान राष्ट्रीय अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कोरबा।** स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत जिला स्तरीय एक दिन, एक घंटा, एक साथ-स्वच्छता श्रमदान राष्ट्रीय अभियान कार्यक्रम का आयोजन ग्राम ढेलवाडीह में सुबह 8 बजे प्रारंभ किया गया। जिसमें कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ कोरबा दिनेश कुमार नाग, जिला पंचायत सदस्य व सभापति स्वच्छता समिति श्रीमती सुषमा रवि रजक, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष द्वय गोविंद सिंह कंवर, राम प्रसाद कोराम, सीईओ जनपद पंचायत कटघोरा यशपाल सिंह साहब, जनपद सदस्य अरदा व मंडल अध्यक्ष जवाली श्रवण कुमार तंवर, जनपद सदस्य भागवत साहू, अतिरिक्त सीईओ जनपद कटघोरा खगेश कुमार निर्मलकर साहब, जिला समन्वयक विमल धीरहि, सरपंच ढेलवाडीह श्रीमती कौशिल्या देवी कंवर, सरपंच ढपढप शिव गणेश सिंह कंवर, सचिव पवन गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में भूविस्थापितों ने खोला मोर्चा

# पुनर्वास और रोजगार की मांग को लेकर भूविस्थापितों ने घेरा गेवरा जीएम कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा खदान से प्रभावित भूविस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव कर दिया। भूविस्थापित घंटों तक कार्यालय में अपनी मांगों को लेकर डटे रहे और नारेबाजी करते रहे। इस दौरान भूविस्थापितों ने अपनी मांगों को लेकर महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा और प्रभावित भूविस्थापितों को नियमित रोजगार, पुनर्वास, मुआवजा सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी। साथ ही मांगे पूरी नहीं होने तक गेवरा खदान विस्तार का काम रोकने की चेतावनी भी दी है।

**खास बात**

- गेवरा महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन, मांगे पूरी नहीं होने तक खदान विस्तार रोकने की दी चेतावनी

छत्तीसगढ़ किसान सभा ने गेवरा क्षेत्र से प्रभावित भठोरा, रलिया, नराईबोध जेलपारा, मनगाँव, भिलाई बाजार, बरभांठा सहित सभी गांवों के भूविस्थापितों की रोजगार, बसावट, मुआवजा की मांगों के सकारात्मक समाधान के लिए एसईसीएल गेवरा महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने गए भूविस्थापितों का आक्रोश तब बढ़ गया, जब भूविस्थापितों ने ज्ञापन सौंपने को लेकर पूर्व में ही महाप्रबंधक को सूचित किया था, लेकिन गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय से गायब रहे तब भूविस्थापितों ने कार्यालय के अंदर मुख्य द्वार के सामने घंटो बैठ कर नारेबाजी करने लगे और गेवरा महाप्रबंधक से ही मिल कर समस्याओं को बताकर ज्ञापन सौंपने की बात पर अड़ गए। इस दौरान अधिकारियों के साथ नोंकझोंक भी हुई। एक घंटे के बाद गेवरा महाप्रबंधक ज्ञापन लेने पहुंचे और भूविस्थापितों की बातों को सुना। किसान सभा ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक गेवरा खदान विस्तार नहीं होने देंगे। शुक्रवार से खदान विस्तार के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा और प्रबंधन समस्याओं का समाधान नहीं करेगी तो 8 अक्टूबर को कार्यालय का महाघेराव भी किया जाएगा। इस दौरान सरपंच विष्णु सिंह, पार्षद राहुल, प्रशांत झा, जवाहर सिंह कंवर, जय कौशिक, दामोदर श्याम, संजय यादव, रमेश दास, गुलाब दास, इंदू, तुलेश दास के साथ बड़ी संख्या में प्रभावित भूविस्थापित शामिल थे।



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

**समस्याओं का समाधान नहीं तो होगा उग्र आंदोलन**

छग किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि एसईसीएल द्वारा विस्थापित होने वाले प्रत्येक छोटे विस्थापित परिवार को भी नियमित रोजगार देने के साथ विस्थापितों को पुनर्वास की सुविधा और मुआवजा देना होगा। किसान सभा के नेता ने आरोप लगाया की पूर्व में अधिग्रहित ग्रामों के रोजगार, मुआवजा, बसावट के मामले लंबित है और नए विस्तार तेजी से प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है जिसका किसान सभा विरोध करती है। किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा एसईसीएल से प्रभावित होने वाले प्रत्येक छोटे-बड़े खातेदारों को स्थाई नौकरी,विस्थापित होने ग्रामों के विस्थापितों को बसावट प्रदान किया जाए और प्रभावित सभी गांवों में बुनियादी पेयजल समस्या का तत्काल समाधान की मांग भी की गई है समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज करेंगे। किसान सभा ने चेतावनी दी है कि लंबित रोजगार प्रकरणों और छोटे खातेदारों को रोजगार, बसावट की समस्या का समाधान किये बिना खनन कार्य नए विस्तार क्षेत्र में करने का विरोध किसान सभा करेगी।

## अतिक्रमण पर प्रशासन हुआ सख्त एसडीएम ने कार्रवाई के दिए संकेत



अतिक्रमण हटाते प्रशासन की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में लंबे समय से हो रहे अतिक्रमण को लेकर आखिरकार प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। बुधवार की शाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) तन्मय खन्ना, नगर पालिका परिषद कटघोरा के सीएमओ मुद्रिका प्रसाद तिवारी, तहसीलदार प्रियंका चंद्रा और पुलिस विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से नगर के मुख्य मार्ग, चौक, न्यू बस स्टैंड एवं बिलासपुर मार्ग का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दुकानदारों द्वारा सार्वजनिक सड़कों और मुख्य मार्गों पर किए गए अतिक्रमण को देखकर एसडीएम खन्ना ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अतिक्रमण को तुरंत अपने दायरे तक सीमित करें अन्यथा प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी पड़ेगी। सीएमओ मुद्रिका प्रसाद तिवारी ने मौके पर ही दुकानदारों को नोटिस जारी कर 5 दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि तय समय सीमा में कार्रवाई न होने पर प्रशासन खुद अतिक्रमण हटाएगा और दुकानदारों पर जुर्माना लगाया जाएगा। मुख्यमार्ग और बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है। स्थानीय नागरिक लगातार इसकी शिकायत कर रहे थे, लेकिन अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए थे। प्रशासन की इस कार्रवाई से लोगों में उम्मीद जगी है कि यातायात की समस्या से जल्द राहत मिलेगी। नए एसडीएम तन्मय खन्ना की पहल से नगरवासियों में उम्मीद जगी है कि अतिक्रमण की समस्या पर जल्द ही ठोस कार्रवाई होगी। अब देखना होगा कि आगामी दिनों में प्रशासन अपने अल्टीमेटम को कितना सख्ती से लागू करता है और नगर को अतिक्रमण से कितनी राहत मिलती है।

**वीर नारायण चौक से कोरबा मार्ग तक भी अतिक्रमण**

निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि शहीद वीर नारायण चौक से कोरबा मार्ग पर स्थित वन विभाग के आवासीय परिसर के बाहर भी अतिक्रमण ने सड़क की हालत बिगाड़ दी है। यहां फल, सब्जी और मोबाइल की दुकानें तक सज चुकी हैं, लेकिन अब तक नगरीय प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया था। यह स्थिति नगर पालिका की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करती है।

## फार्मासिस्टों ने मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व फार्मासिस्ट दिवस को मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर एस एन केसरी सीएमएचओ कोरबा, डॉ गोपाल सिंह कंवर, मेडिकल सुपरीटेंडेंट, मेडिकल कॉलेज कोरबा, डॉ कोंडापुरकर, सर्जन मेडिकल कॉलेज कोरबा, डॉ कुमार पुष्पेश, जिला नोडल अधिकारी, डॉ राकेश अग्रवाल रेडियोलॉजिस्ट एवं डॉ टिक सिद्दीकी, जिला नोडल अधिकारी की उपस्थिति में जिले के विभागीय शासकीय विभागीय फार्मासिस्टों के द्वारा विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया।

## आरएएमपी योजना के अंतर्गत ई-मार्केटप्लेट एवं डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के द्वारा बुधवार को जिला पंचायत सभागार कोरबा में रेजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (आरएमपी) योजना के अंतर्गत ई-मार्केटप्लेट एवं डिजिटल मार्केटिंग द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों के लिए बाजार विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के दर्जनों सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों, महिला उद्यमियों एसएचजी सदस्य एवं पीएफएमई व पीएमईजीपी एवं स्टार्टअप ने भाग लिया। मास्टर ट्रेनर द्वारा ई-कॉमर्स प्लेटफार्म एवं डिजिटल मार्केटिंग के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने अपने व्यापार से जुड़ी समस्याओं को साझा किया जिन पर ट्रेनर द्वारा समाधान एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विनय टेगर महाप्रबंधक ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम एमएसएमई सेक्टर को सशक्त करने की दिशा में अहम भूमिका निभाते है और भविष्य में ऐसे और भी संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होने कार्यशाला में उपस्थित मास्टर ट्रेनर एवं उद्यमियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री ने सेवा भारती में निवासरत बच्चों की ली जानकारी



बच्चों से मुलाकात करती महिला बाल विकास मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े गुरुवार को एक दिवसीय कोरबा प्रवास पर रही। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विशेषीकृत दत्तकग्रहण अभिकरण-सेवा भारती का अवलोकन किया और यहाँ निवासरत बच्चों के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने यहाँ उपलब्ध सुविधाओं और बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई से चर्चा कर बच्चों को मिल रही सुविधाओं से अवगत हुई। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने उनके प्रयासों की सराहना की। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने विभाग के गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि महतारी वंदन योजना से महिलाओं को लाभ मिला है। आर्थिक समृद्धि के साथ आत्मनिर्भर बनने की राह आसान हुई है और खुशहाली का वातावरण निर्मित हुआ है। इस दौरान विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, डीपीओ श्रीमती रेणु प्रकाश सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा विभाग के अधिकारी, प्रतिनिधि उपस्थित थे।

